# BORDER NEWS MIRROR
# BNM
*to the point...*

Thursday
19-05-2022

www.bordernewsmirror.com

Only bilingual Newspaper

₹5


www.bordernewsmirror.com

**माधुरी की सुपर-डुपर हिट तेजाब का बनेगा रीमेक**

तेजाब को लेकर एक दिलचस्प जानकारी सामने आई है। सूत्रों की मानें तो जल्द ही इस फिल्म के रीमेक की तैयारी की जा रही है।

9

**पीसी ने शेयर की चेहरे पर चोट के निशान**

देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा ने इंस्टाग्राम पर एक सेल्फी शेयर की है, जिसे देखकर उनके चाहने वालों की चिंता बढ़ गई।

9



**साड़ी में दीपिका ने रेड कार्पेट पर लगाई आग**

अभिनेत्री ने सब्यसाची की डिजाइन की हुई साड़ी पहनकर रेड कार्पेट पर वॉक किया तो देखने वालों की नजरें उन पर से हट ही नहीं रहीं थी।

9

**व्यवसायी से अपराधियो ने मांगी 25 लाख रंगदारी**

कपड़ा व्यवसायी दुर्गा प्रसा से जेल में बंद बदमाश कृष्णा कुमार नामक किसी अपराधी ने 25 लाख रुपया की रंगदारी की मांग कर दहशत मे डाल दिया है।

5



# BRIEFLY

## राजीव गांधी हत्याकांड में दोषी पेरारिवलन को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत, रिहा करने का आदेश

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने राजीव गांधी हत्याकांड में उम्रकैद की सजा काट रहे दोषी पेरारिवलन को रिहा करने का आदेश दिया है। जस्टिस एल नागेश्वर राव की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि राज्यपाल ने पेरारिवलन की अर्जी पर फैसला करने में काफी समय लगाया। कोर्ट ने कहा कि धारा 161 के तहत मिली शक्तियों की न्यायिक समीक्षा हो सकती है। कोर्ट ने केंद्र की इस दलील को खारिज कर दिया कि भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत मिली सजा माफी की मांग पर केवल राष्ट्रपति ही विचार कर सकते हैं। पेरारिवलन 30 साल की सजा काट चुका है। 27 अप्रैल को कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा था कि पेरारिवलन को रिहा क्यों नहीं किया जा सकता है। जस्टिस एल नागेश्वर राव की अध्यक्षता वाली बेंच ने केंद्र सरकार से पूछा था कि बिना कानूनी पहलू पर गौर किए ये बताएं कि क्षमा करने पर फैसला करने के लिए उचित प्राधिकार राष्ट्रपति हैं या राज्यपाल। कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार की इस बात के लिए आलोचना की थी कि इस मामले को राष्ट्रपति के पास रेफर कर दिया। कोर्ट ने कहा था कि राज्यपाल यह कहकर किसी मामले को राष्ट्रपति के पास सीधे नहीं भेज सकते हैं कि राज्य कैबिनेट ने अपने अधिकार का दुरुपयोग किया है। ऐसा करना संघवाद के खिलाफ है।

## Trending News

## राजस्थान के मंत्री के बेटे की तलाश में उत्तराखंड में छापेमारी

बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे रोहित जोशी की तलाश में दिल्ली पुलिस टीम छापेमारी कर रही है। पुलिस ने बुधवार सुबह 11 बजे रोहित जोशी को सदर बाजार थाने में पूछताछ के लिए आने का नोटिस भेजा था, लेकिन रोहित जोशी पुलिस के समक्ष पेश नहीं हुआ। सूत्रों ने बताया कि रोहित उत्तराखंड में छिपा हुआ है। इसके चलते पुलिस टीम वहां भेजी गई है। पुलिस को उम्मीद है कि वह जल्द ही रोहित जोशी को गिरफ्तार करने में कामयाब होगी। जानकारी के अनुसार, रोहित जोशी के साथ लिव इन रिलेशन में रहने वाली उसकी महिला मित्र ने सदर बाजार थाने में दुष्कर्म की शिकायत दर्ज कराई थी। इस शिकायत में युवती ने बताया था कि रोहित बीते कई महीनों से उसके साथ दुष्कर्म कर रहा है। वह उसका अश्लील वीडियो तैयार कर उसे सार्वजनिक करने की धमकी देता है। इस धमकी से डराकर वह उसके साथ जयपुर, उत्तराखंड और दिल्ली में उसके साथ दुष्कर्म कर चुका है। पीड़िता ने पुलिस को बताया था कि बीते मार्च महीने में उसके साथ सदर बाजार स्थित एक होटल में रोहित जोशी ने दुष्कर्म किया था। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में पहले जीरो एफआईआर दर्ज कर इस मामले को जयपुर भेज दिया था, लेकिन बाद में इसे रेगुलर एफआईआर में तब्दील कर दिया गया था।



# वंचितों के सशक्तिकरण के लिए अंबेडकर ने दिए प्रगतिशील विचार: कोविंद

बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। भारत के राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा कि यह मेरे लिए बेहद गर्व की बात है कि भारत के सबसे महान सपूतों में से एक को उसके घर से इतनी दूर पहचाना जा रहा है। भारतीय संविधान में वंचित वर्गों के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण के लिए अंबेडकर ने प्रगतिशील विचार पेश किए। डॉ. अंबेडकर ने असमानता को दूर करने की दिशा में काम करने के लिए लोगों को शिक्षित एवं प्रेरित किया। राष्ट्रपति कोविंद मंगलवार को जमैका की संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने किंग्स्टन में एक एवेन्यू का नाम बीआर अंबेडकर के नाम पर रखने के लिए जमैका सरकार के प्रति आभार जताया। राष्ट्रपति ने कहा कि हमें हमेशा याद रखना चाहिए कि डॉ. अंबेडकर और मार्कस गार्वे जैसे लोग एक राष्ट्र या समुदाय तक सीमित नहीं हो सकते। सभी के लिए समानता का उनका संदेश और सभी प्रकार के भेदभाव को समाप्त करने की उनकी अपील सार्वभौमिक है। इसलिए, डॉ. आंबेडकर के संदेश भारतीयों के लिए जितने प्रासंगिक हैं, उतने ही जमैका के लोगों और दुनिया के हर हिस्से में रहने वाले लोगों के लिए भी हैं। इससे पहले राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने जमैका की राजधानी किंग्सटन में डॉ. बीआर अंबेडकर के नाम पर बनी एक सड़क का उद्घाटन किया। उन्होंने भारत के संविधान के वास्तुकार के कार्यों पर प्रकाश डालने वाले एक स्मारक का लोकार्पण भी किया।

# हार्दिक पटेल का कांग्रेस से इस्तीफा, पिछले कुछ समय से पार्टी से थे नाराज



बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। गुजरात कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष हार्दिक पटेल ने पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। इसकी जानकारी उन्होंने बुधवार को ट्वीट कर दी। पटेल ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को लिखे पत्र में कहा कि कांग्रेस में युवाओं का सम्मान नहीं है। यह पार्टी सिर्फ विरोध की राजनीति कर रही है। कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व और राज्य कांग्रेस नेतृत्व जमीन पर काम करने में विफल है। राज्य कांग्रेस के जिम्मेदार नेता दिल्ली के शीर्ष नेतृत्व को खुश करने में ही लगे रहते हैं। पटेल ने कहा कि वह बीते तीन वर्षों से महसूस कर रहे हैं कि यह पार्टी सिर्फ विरोध की राजनीति में व्यस्त है। कांग्रेस जनता की भावना को समझने में विफल साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि बीते वर्षों में चाहे सीएए का मामला रहा हो, राममंदिर का विषय या फिर धारा 370 को हटाने का मुद्दा रहा हो, कांग्रेस सिर्फ विरोध में लगी रही। यह पार्टी जनमानस और उनकी भावनाओं का निरादर ही करती रही है। पटेल ने कहा कि गुजरात की जनता भी उनसे पूछने लगी थी कि वह कांग्रेस में क्यों है? उन्होंने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व पर गुजरात से नफरत का भी आरोप लगाया है।

# शीना बोरा हत्याकांड : इंद्राणी मुखर्जी को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शीना बोरा हत्याकांड की आरोपित इंद्राणी मुखर्जी को जमानत दे दी है। जस्टिस एल नागेश्वर राव की अध्यक्षता वाली बेंच ने जमानत देने का आदेश किया। कोर्ट ने कहा कि इंद्राणी मुखर्जी साढ़े छह साल से जेल में बंद है और ट्रायल पूरा होने में समय लगेगा। कोर्ट ने 18 फरवरी को इंद्राणी मुखर्जी की जमानत याचिका पर सीबीआई को नोटिस जारी किया था। इंद्राणी मुखर्जी की ओर से वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी की दलील थी कि उसका मुकदमा 6 साल से भी ज्यादा समय से चल रहा है। पिछले डेढ़ साल से किसी गवाह का परीक्षण नहीं हुआ है। अभी इसके जल्द निपटने की कोई संभावना नहीं है। रोहतगी ने कहा था कि इंद्राणी मुखर्जी दिमागी रुप से बीमार भी हैं। इंद्राणी मुखर्जी 2015 में गिरफ्तार हुई थी और तब से वह मुंबई की बायकुला जेल में बंद है। मुंबई का ट्रायल कोर्ट इंद्राणी की कई बार जमानत याचिका खारिज कर चुका है। बांबे हाई कोर्ट भी इंद्राणी की जमानत याचिका खारिज कर चुका है। सीबीआई शीना बोरा हत्या मामले की 2012 से जांच कर रही है। उल्लेखनीय है कि इंद्राणी मुखर्जी आईएनएक्स मीडिया डील मामले की भी आरोपित है।




# बिहार के पंचायतों की जल्द होगी वेबसाइट : सम्राट



फाइल फोटो

बीएनएम@पटना

पटना। पंचायती राज मंत्री सम्राट चौधरी ने बुधवार को यहां कहा कि विभाग को विभिन्न सरकारी एजेंसियों से कोटेशन मिलने के बाद ग्राम पंचायतों की वेबसाइट विकसित करने की परियोजना शुरु हो जाएगी। ग्रामीण शासन प्रणाली में जवाबदेही और पारदर्शिता लाने के राज्य सरकार के मिशन के तहत बिहार के सभी ग्राम पंचायतों की जल्द ही अपनी वेबसाइट होगी। इन वेबसाइटों में जन सांख्यिकीय विवरण, ऐतिहासिक महत्व के स्थान, महत्वपूर्ण संस्थान और साथ ही क्षेत्र के निर्वाचित प्रतिनिधियों का विवरण होगा। सम्राट चौधरी ने कहा कि राज्य पंचायती राज विभाग ने बिहार राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड (बेलट्रॉन) के साथ-साथ राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) और अन्य केंद्र सरकार के संस्थानों से संपर्क किया है ताकि बिहार में 8,387 ग्राम पंचायतों में से प्रत्येक के लिए एक व्यापक वेबसाइट विकसित की जा सके, ताकि प्रत्येक गतिविधि योजनाओं की स्थिति सहित राज्य मुख्यालय से निगरानी की जा सकेगी। पंचायती राज मंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि वेबसाइटों को प्रबंधन सूचना प्रणाली (एमआईएस) और व्यापक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (सीएफएमएस) से लैस किया जाएगा ताकि ग्राम पंचायतों में विकास और अन्य गतिविधियों पर खर्च किए गए फंड के हर हिस्से के लिए अधिक जवाबदेही लाया जा सके।" ग्राम पंचायतों के सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों और अन्य पदाधिकारियों को वेबसाइटों को संभालने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। विभाग के अधिकारियों ने कहा कि राज्य भर में पंचायती राज संस्थानों को धन के भारी प्रवाह के मद्देनजर डिजिटल वित्तीय प्रबंधन प्रणाली से निपटने के लिए डिजिटल शिक्षा और कौशल सशक्तिकरण बहुत जरूरी हो गया है। उन्होंने कहा कि "इस साल, विभाग स्वास्थ्य, विकास और शासन क्षेत्रों पर ग्राम पंचायतों के माध्यम से 8,500 करोड़ रुपये का अनुदान खर्च करने का इरादा रखता है। इसमें से 3,900 करोड़ विकास के लिए और 1,150 करोड़ स्वास्थ्य क्षेत्रों पर रखे गए हैं। 15वें वित्त आयोग की सिफारिशों के तहत बिहार को फंड उपलब्ध कराया गया है। चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार ने ग्राम पंचायतों के लिए अनुदान के रुप में 3,261 करोड़ रुपये भी आवंटित किए हैं। "पिछले वर्षों में कुछ वित्तीय अनियमितताएं सामने आई थीं और विभाग को इसकी जांच के लिए कदम उठाना पड़ा क्योंकि अधिकांश वित्तीय लेनदेन मैन्युअल रुप से किए जा रहे थे। अब, विभाग ग्राम पंचायतों के खर्च के लिए वित्तीय निगरानी की एक उन्नत प्रणाली पर जोर दे रहा है।

## NEWS IN BRIEF

### उपेन्द्र कुशवाहा को जगदानंद ने दिया जवाब

पटना। राजद के अंदर राज्यसभा सीट को लेकर मचे घमासान के बीच उपेन्द्र कुशवाहा के बयान पर राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने वार किया है। जगदानंद सिंह ने कहा है कि विरोधी ऐसा ही होने चाहिए, जिनसे बिहार नहीं संभल रहा है वह आगे क्या कर सकते हैं। दरअसल, मंगलवार को राजद संसदीय बोर्ड की बैठक में तेजस्वी के शामिल नहीं होने पर जदयू संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने निशाना साधते हुए कहा था कि राजद में यही अंतर्कलह इस पार्टी को बर्बाद कर देगा। उन्होंने कहा कि राजद का अंत होना निश्चित है। आज हो, या दो महीने में हो या फिर छह महीने में हो राजद का अंत हो जाएगा। राजद के प्रदेश अध्यक्ष ने साफ कर दिया है कि राजद के अंदर किसी भी प्रकार का मतभेद नहीं है। राजद पूरी तरीके से एकजुट है। पार्टी का कोई भी सीनियर व्यक्ति राज्यसभा नहीं जाएगा। सीनियर नेता इस बार राज्यसभा नहीं जाएंगे।

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत

गया। गया जिला के अतरी थाना क्षेत्र अंतर्गत बुधवार की सुबह सड़क दुर्घटना में तीन वर्षीय संतोष कुमार की मौत हो गई।जिसे लेकर तितमो गांव के ग्रामीण आक्रोशित होकर लगभग चार घंटे तक भिंडस-चननडीह रोड को तितमो गांव के पास जाम कर दिया। बताया जाता है कि सुबह में संतोष कुमार को उसके पिता विनोद मांझी मोटरसाइकिल से फील्ड में घुमाने ले गए थे।मोटरसाइकिल कोई और व्यक्ति चला रहा था। जिसपर पिता- पुत्र बैठे थे। जैसे ही फील्ड से रोड पर मोटरसाइकिल आई तभी तेजी आ रहे बोलेरो से बाइक की टक्कर हो गई। जिसके कारण बच्चे की मौत घटना स्थल पर हो गई।

# जन सुराज अभियान के तहत 20 से जिलों का दौरा करेंगे प्रशांत किशोर

बीएनएम@पटना

पटना। चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर जन सुराज अभियान की शुरुआत बिहार से करेंगे। वह 20 मई से जिलों का दौरा शुरु करेंगे। जन सुराज अभियान के तहत इसकी शुरुआत लोकतंत्र की जननी वैशाली से होगी। वे तीन महीने की इस यात्रा में सभी जिलों और अनुमंडल मुख्यालयों के साथ हर एक गांव तक जायेंगे और घूम-घूम कर लोगों को अभियान से जोड़ने का काम करेंगे। उल्लेखनीय है कि दो अक्टूबर से उनकी तीन हजार किलोमीटर की पदयात्रा आरंभ होने वाली है। इसके पहले वे जिलों का दौरा कर अभियान की जानकारी लोगों को देंगे। साथ ही जिलों के दौरे के समय वे वैशाली जिले में सात दिनों तक घूमेंगे और लोगों को अपने अभियान के बारे में विस्तार से बतायेंगे। इस दौरान वे वाहन से ही सभी जिलों का भ्रमण करेंगे।

# मुख्यमंत्री बिहार में लागू करें फ्री कॉमन और कंपलसरी एजुकेशन : पप्पू यादव

बीएनएम@पटना

पटना। जन अधिकार पार्टी के मुखिया और पूर्व सांसद पप्पू यादव ने आज नालन्दा जिले के हरनौत थाना क्षेत्र में नीमा कोल का दौरा किया, जहां बीते दिनों पांचवीं क्लास में पढने वाला सोनू कुमार ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से स्कूल में दाखिला और पढाई करने की गुहार लगाई थी। पप्पू यादव ने आज उस बच्चे से अपने युवा अध्यक्ष पप्पू यादव के साथ मुलाकात की और उनके निर्देश पर राजू दानवीर ने पार्टी की ओर से तत्काल 50 हजार रुपये की मदद करते हुए सोनू को गोद ले लिया और उसके आजीवन शिक्षा की जिम्मेदारी ली। इस दौरान बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी पर जमकर हमला बोला। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से बिहार में फ्री कॉमन और कंपलसरी एजुकेशन लागू करने और शिक्षा के निजीकरण पर रोक लगाने की मांग की। पप्पू यादव ने कहा कि नीतीश कुमार कल्याणबीघा आये तो सोनू से मिलने के बाद हाय तौबा मचा लेकिन बगल के पासवान टोला या बिहार के दूसरे बच्चों की बात कोई क्यों नही कर रहा है। मुख्यमंत्री के जाने के बाद आज इतने दिन में सोनू के गांव के स्कूल का कायाकल्प हो जाना चाहिए था लेकिन आज भी वहां भूसा भरा है। ऐसे में कैसे बिहार में शिक्षा की बात हो सकती है। सुशील मोदी पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि उन्हें शर्म आनी चाहिए कि बीते 40 सालों के शासन में एक लंबा समय उन्होंने भी गुजारा है लेकिन एक स्कूल तक नहीं बनवा सके।

# पटवन को ले विवाद में गोलीबारी, 5 घायल

बीएनएम@नवादा

नवादा।नवादा जिले के काशीचक थाना क्षेत्र लालविघा गांव में बुधवार को खेत में पटवन के दौरान एक बच्चे ने गलती से पानी आपूर्ति के लिए बिछाए गए पाइप के ऊपर साइकिल चढ़ा दिया। यह छोटी सी घटना थी, लेकिन इसके कारण गांव में गोलीबारी तक हो गई। लाठियां चलने लगे। जिसमें गोली लगने से दो लोग घायल हो गए। वहीं लाठियों की पिटाई से तीन लोग चोटिल हो गए। सभी को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया। मामला काशीचक थाना क्षेत्र के लीला बीघा गांव से जुड़ा है। बताया जा रहा है कि भुनेश्वर यादव प्लास्टिक पाइप से खेत पटवन कर रहा था, तभी योगेंद्र यादव का भतीजा साइकिल को पाइप पर चढ़ा दिया। इसी बात को लेकर भुनेश्वर यादव और योगेंद्र यादव में तू-तू मैं-मैं होने लगा। ग्रामीणों के सहयोग से तो किसी तरह से मामला शांत हो गया। लेकिन योगेंद्र यादव की बहन प्रतिमा कुमारी खेत की तरफ जा रही थी। तभी दूसरे पक्ष के लोग उसके साथ हाथापाई करने लगा।



# चमड़ा कारोबारी को बदमाशों ने मारी गोली, मौत



बीएनएम@किशनगंज

किशनगंज। जिले में दिघलबैंक प्रखंड अंतर्गत तुलसिया पुराना बाजार में मंगलवार की देर रात अज्ञात बदमाशों ने चमड़ा कारोबारी नसीम अख्तर उर्फ चुन्नू नामक अधेड़ की गोली मारकर हत्या कर दी। यह खबर आग की तरह पूरे जिले में फैल गई और इलाके में कारोबारियों में दहशत का माहौल है। हालांकि हत्या का समय ठीक से पता नहीं चल सका है, कि किस समय नसीम की हत्या की गई है। प्रथम दृष्टया यह लगता है कि बदमाशों ने चुन्नू को उस समय गोली मारी, जब वह नींद में सोया हुआ था। सिर के बीच में गोली लगने के कारण बिस्तर और तकिया समेत फर्श पर खून फैल गया था।आस-पास किसी ने भी गोली चलने की आवाज सुनने की पुष्टि नहीं की है। आस-पड़ोस के लोगों की मानें तो चुन्नू अविवाहित था। वह लंबे समय से अलग ही रहता था। मंगलवार की रात को चुन्नू पास के होटल से ही खाना मंगवाकर खाया था। हालांकि, जिस कमरे में वह सोया था, उस कमरे की खिड़की और दरवाजा खुला था। हत्यारे द्वारा गोली खिड़की के बाहर से मारी गई या कमरे के भीतर से, इन सभी पहलुओं की जांच में पुलिस जुट गई है। बताया जाता है कि चुन्नू के आवास के नजदीक के घर में बीती रात एक शादी थी। इस कारण शोर-शराबे के बीच गोली चलने की आवाज किसी को सुनाई नहीं दी होगी। वहीं देर रात आंधी-तूफान और जोरदार बारिश के कारण भी लोग घरों में दुबके पड़े थे। जिस कारण भी यह घटना का लोगो को भनक तक नहीं लगी। दिघलबैंक थानाध्यक्ष सुनील कुमार घटना स्थल पर पहुंच कर मामले की जांच में जुट गए है। थानाध्यक्ष हर एक पहलू की बारीकी से जांच कर रहे हैं। बुधवार को दिघलबैंक थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि नजदीक की दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाला जा रहा है। हत्यारे की खोज में पुलिस जुट गयी है। वहीं पुलिस शव को कब्जे में लेकर सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम करा कर शव को परिजनों को सौंप दिया।

# मॉनसून के आगमन से पहले सभी तैयारियां समय पर पूरी कर ली जाएं : मुख्यमंत्री नीतीश




बीएनएम@पटना

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को बाढ़ एवं सुखाड़ की पूर्व तैयारियों की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि मॉनसून के आगमन के पूर्व सभी तैयारियां समय पर पूरी कर ली जाएं। आपदा प्रबंधन विभाग सतत इसका अनुश्रवण करते रहे। बाढ़ की स्थिति में प्रभावित क्षेत्रों का सही आकलन करवाएं। साथ ही प्रभावित परिवारों की सूची बनाते समय यह ध्यान रखा जाए कि कोई भी वास्तविक हकदार लाभ से वंचित न रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ से सुरक्षा के लिए बचे हुए सभी कटाव निरोधक कार्य एवं बाढ़ सुरक्षात्मक कार्य को मॉनसून के पहले पूर्ण करें। बाढ़ की स्थिति में तटबंधों की निगरानी हेतु विशेष सतर्कता बरती जाए। निगरानी कार्य में स्थानीय लोगों को लगाएं तथा उनका विशेष प्रशिक्षण कराएं। उन्होंने कहा कि बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में नावों का संचालन ठीक ढंग से हो, इसके लिए नावों की पर्याप्त उपलब्धता रखें। बाढ़ के दौरान उपयोग में लाई जाने वाली निजी नावों के भाड़े एवं नाविकों की मजदूरी का भुगतान समय पर सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि मानव दवा, पशु दवा, सांप काटने की दवा, कुत्ता काटने की दवा, ब्लीचिंग पाउडर, डायरिया की दवा की पर्याप्त उपलब्धता रखें। उन्होंने कहा कि पथ निर्माण एवं ग्रामीण कार्य विभाग बाढ़ के दौरान क्षतिग्रस्त होने वाली सड़कों की मरम्मति की पूर्ण तैयारी रखें। विशेष स्थलों को चिह्नित करें। इसको लेकर जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय लोगों से विचार-विमर्श करें। नदियों के गाद की उड़ाही एवं शिल्ट हटाने को लेकर तेजी से कार्य करें। इससे बाढ़ का खतरा भी कम रहेगा और नदियों की जल संग्रहण क्षमता भी बढ़ेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पशुओं के पेयजल के लिए कैटल ट्रफ की समुचित व्यवस्था रखें। पशुचारा, बाढ़ राहत सामग्री, दवा के साथ-साथ अन्य चीजों की उपलब्धता को लेकर पूरी तैयारी रखें। एक सप्ताह के भीतर ग्रामीण कार्य विभाग, पथ निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, लघु जल संसाधन विभाग एवं जिलाधिकारियों के साथ प्रभारी मंत्री तैयारियों को लेकर फिर से एक दिन समीक्षा कर लें और जहां कहीं भी कमी दिखे तो उसे ठीक कराएं।

## NEWS IN BRIEF

### मुंगेर एके- 47 मामले में आया फैसला, दो आरोपी को सजा, दस की रिहाई

मुंगेर 18 मई (हि.स)।चार वर्ष पूर्व बिहार के मुंगेर से एके-47 बरामदगी मामला देश भर के अखबारों में खूब सुर्खियों बटोरी थी।इस मामले में बुधवार को मुंगेर व्यवहार न्यायालय के एडीजी-सात विपिन बिहार राय की अदालत में एके-47 मामले में कोतवाली कांड संख्या 515/18 की सुनवाई हुई।और बड़ा फैसला सामने आया। जिसमें 10 लोगों को साक्ष्य के अभाव में रिहा कर दिया गया।दो लोग मु. इरशाद और सत्यम को दोषी पाया गया। दोनों दोषियों पर सजा का फैसला अगली तारीख में सुनाया जाएगा।फिलवक्त सभी आरोपियों को जेल में रहना होगा। इस मामले के मास्टर माइंड संजीव शाह और जमशेर अभी तक फरार है। एनआइए ने संजीव शाह पर दिल्ली के पहाड़गंज में मुकदमा दर्ज कराया है। इस पर दो लाख का इनाम भी घोषित है। मुंगेर में कोतवाली कांड संख्या 555/ 18 बहुचर्चित एके-47 घातक हथियार मामले में दस रिहा किए गए हैं, उनमें तीन महिलाएं और 7 पुरुष हैं। अभी सभी आरोपियों को जेल में रहना पड़ेगा क्योंकि एके-47 मामले में कुल 8 मामला दर्ज है और जिसमें 1 मामला एनआइए के पास लंबित है।

मुंगेर में कुंआ,पोखर नदी तट, नाला खेत सहित कई जगहों से एके-47 की बरामदगी की गई थी। पूरा क्षेत्र छावनी में तब्दील नजर आने लगे थे। वर्ष 2018 में बरामद हुई एके-47 का तार आर्डिनेंस फैक्ट्री से जुड़ा। जबलपुर आर्डिनेंस फैक्ट्री से निकाल ट्रेन जरिये संगठित गिरोह के परिजन हथियारों की खेप की सप्लाई किया करते थे। इसका खुलासा तत्कालीन एसपी बाबूराम ने की थी । मास्टर माइंड संजीव साह और कुख्यात जमशेर आज भी अंडर ग्राउंड हैं।

## 46 अमृत सरोवर निर्माण कार्य का किया गया शिलान्यास

बीएनएम@बिहारशरीफ

बिहारशरीफ। आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष पर नालंदा जिला में 75 अमृत सरोवर का निर्माण किया जाने का प्रावधान किया गया है। जिसमें से 46 सरोवरों के निर्माण के लिए स्थल चिन्हित किया गया है। योजनाओं का शिलान्यास बुधवार को किया गया। लक्ष्य के अनुरूप शेष सरोवरों के निर्माण के लिए भी स्थल चिन्हित करने की कार्रवाई की जा रही है। लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान की समीक्षा के क्रम में बताया गया कि जिला में 368 सामुदायिक स्वच्छता परिसर के निर्माण के लक्ष्य के विरुद्ध 288 का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है तथा 51 में निर्माण कार्य जारी है। जिसे 2 सप्ताह के अंतर्गत पूरा कराने का निर्देश सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया गया। निर्मित शौचालय के उपयोग के प्रति लोगों को निरंतर जागरुक करते रहने का निर्देश दिया गया।

## जून या जुलाई में चलेगा सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़ा: मंगल पांडेय

बीएनएम@पटना

पटना। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जून या जुलाई माह में 'सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़ा' चलाने का निर्णय किया है। इस दौरान स्वास्थ्य केन्द्रों पर दस्त नियंत्रण को लेकर जरुरी दवाओं की उपलब्धता एवं दस्त से पीड़ित बच्चों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सकीय सेवा प्रदान किया जायेगा। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि पखवाड़ा के दौरान सभी पांच साल तक के बच्चों के घरों का आशा कार्यकर्ता दौरा कर दस्त से बचाव के लिए ओआरएस पैकेट वितरित करेंगी। साथ ही दस्त से ग्रसित बच्चों के उपचार के लिए ओरआरएस तथा जिंक टेबलेट की उपलब्धता प्रत्येक स्वास्थ्य संस्थानों पर भी कराया जायेगा। राज्य के सभी 38 जिलों में ओआरएस के दो करोड़ दो लाख 66 हजार 920 पैकेट और 80 लाख 70 हजार 237 जिंक टैबलेट की आवश्यकता का आकलन शिशु स्वास्थ्य कोषांग द्वारा किया गया है। मंगल पांडेय ने कहा कि पखवाड़ा शुरु होने से पूर्व जिलों को आवश्यक दवाओं की उपलब्धता विभाग द्वारा सुनिश्चित की जाएगी। पांडेय ने कहा कि पांच साल तक के बच्चों में डायरिया या दस्त शिशु मृत्यु दर का एक बहुत बड़ा कारण माना जाता है। गर्मी एवं बरसात के मौसम में बच्चों में दस्त की शिकायत बढ़ जाती है और अधिकांश बच्चे इसकी चपेट में आ जाते हैं। इसे लेकर विभाग ने समय से पूर्व तैयारी शुरु कर दी है।

## तेजस्वी इंग्लैंड में आइडियाज फॉर इंडिया कॉन्फ्रेंस में लेंगे हिस्सा

बीएनएम@पटना

पटना। बिहार के नेता प्रतिपक्ष इंग्लैंड में आयोजित होने वाले आइडियाज फॉर इंडिया कॉन्फ्रेंस में भाग लेने वाले हैं। शायद इसी वजह से तेजस्वी मंगलवार को राजद की हुई पार्लियामेंट्री बोर्ड की मीटिंग शामिल नहीं हुए। क्योंकि, इंग्लैंड के लिए वह कल बिहार से रवाना हो गये थे। इसकी जानकारी ऑफिस ऑफ तेजस्वी यादव के ट्विटर अकाउंट से दी गई है। इसमें बताया गया है कि तेजस्वी यादव 18 से 23 मई तक इंग्लैंड में आइडिया फॉर इंडिया कॉन्फ्रेंस में हिस्सा लेकर देश की भविष्य पर विचार रखेंगे। ऑफिस ऑफ तेजस्वी यादव के ट्विटर हैंडल पर लिखा गया है, 'नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव लंदन, यूके में @SBFIndia और @BridgeIndia के उद्घाटन "आइडियाज फॉर इंडिया" सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। उल्लेखनीय है कि इस कॉन्फ्रेंस में इस बात पर चर्चा की जाएगी कि आने वाला 25 साल भारत के लिए कैसा रहेगा। इसकी शुरुआत 18 मई को होगी, जिसका समापन 23 मई को किया जाएगा।



## पार्टी के प्रति समर्पण सम्मान दिलाता है: उपेन्द्र



बीएनएम@पटना

पटना। जदयू संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने आज जदयू प्रदेश कार्यालय में कहा कि जनता दल यूनाइटेड ही ऐसी पार्टी है, जो परिवारवाद से ऊपर उठकर आम कार्यकर्ता को राज्यसभा में भेज रही है। जदयू के द्वारा कार्यकर्ताओं के प्रति इस तरह का सम्मान देना अन्य दलों के लिए भी प्रेरणास्रोत है। उपेंद्र कुशवाहा ने पार्टी के ऊपर से लेकर निचले स्तर तक के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को संदेश देते हुए कहा है कि कड़ी मेहनत, नेता के प्रति विश्वास और पार्टी के प्रति समर्पण आपको सम्मान तो दिलाएगा ही, समय दर समय पद और प्रतिष्ठा से भी लाभान्वित कराएगा। उन्होंने कहा कि जमीन से जुड़े हर कार्यकर्ताओं को परिश्रम का फल मिलना ही चाहिए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शुरु से ही लीक से हटकर चलने वाले रहे हैं एवं तमाम विरोधों के बावजूद अपने निर्णयों पर अडिग रहने वाले व्यक्ति हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सोच को जन-जन तक पहुंचा कर संगठन को पंचायत स्तर तक मजबूत करने की जरुरत है। जो लोग पार्टी के प्रति समर्पित भाव से कार्य करेंगे, उन्हें निश्चित ही इसका फल मिलेगा। अनिल हेगड़े को राज्यसभा का उम्मीदवार बनाया जाना इसका ताजा उदाहरण है। जदयू संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने आज जदयू प्रदेश कार्यालय में विभिन्न जगहों से आये पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और सभी की समस्याओं को गम्भीरता से सुना एवं उनके निराकरण के लिए संबंधित पदाधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिया। इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय सचिव रवीन्द्र प्रसाद सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष सह मुख्यालय प्रभारी डॉ नवीन आर्य चन्द्रवंशी सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

# जिला निबंधन कार्यालय की साख बढ़ी, सचिव ने की तारीफ




बीएनएम@सागर सूरज

मोतिहारी। गत कुछ वर्षों से लगातार विवादों को झेल रहे जिला निबंधन कार्यालय इन दिनों अपने बेहतर कार्यकाल से दो चार हो रहा है। बिहार सरकार के मद्यनिषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग के मुख्य सचिव के.के पाठक के द्वारा गत दिनों जिले में भ्रमण के दौरान जिला निबंधन कार्यालय का भी भ्रमण किया गया जहाँ अभिलेखागार की बेहतर व्यवस्था को लेकर दिए गए अपनी प्रतिक्रिया से इस कार्यालय के छवि में बढ़ोतरी करने का कार्य किया। पत्रकारों को प्रतिक्रिया देते हुये मुख्य सचिव ने कहा यह निबंधन कार्यालय बेहतर व्यवस्था दे रहा है साथ ही अभिलेखागार की साफ़ सफाई सराहनीय है। उल्लेखनीय है कि केके पाठक, अपर मुख्य सचिव, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग , बिहार सरकार एवं जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक भ्रमण कार्यक्रम के दौरान जिला निबंधन कार्यालय मोतिहारी का निरीक्षण करने पहुंचे जहाँ निबंधन कार्यालय के व्यवस्था को देख कर ना केवल खूश हुये बल्कि निबंधन पदाधिकारी को कई तरह के निर्देश भी जारी किए। बता दे कि जिला निबंधन कार्यालय अपने भ्रष्टाचार को लेकर लगातार सुर्ख़ियों में रहा। पूर्व निबंधन पदाधिकारी के ऊपर विजिलेंस ने भी छापेमारी की थी। इस कार्यालय के ऊपर सरकारी राजस्व का बड़े पैमाने पर चोरी करने का लगातार आरोप लग रहा था। जमीनों के निबंधन को लेकर कर्मचारी राजस्व की चोरी कर रहे थे। अभिलेखागार में अस्त व्यस्त आलेखों एवं व्याप्त भ्रष्टाचार अखबारों की सुर्खियाँ बनती रहती थी लेकिन अभिलेखागार के नये बड़ा बाबु आजम हुसैन एवं नए निबंधन पदाधिकारी बन्दना कुमारी ने कार्यालय की दिशा और दशा बदल दी है | एक बेहतर सिस्टम के कारण ना केवल कर्मचारियों को सुविधा हो रही है बल्कि आम लोगों को भी अपने कार्यों के निष्पादन में सुविधा हो पा रही है। पूर्व में अभिलेखागार के कागजात बाहर फोटो स्टेट होते थे ,लेकिन अब यह व्यवस्था अन्दर ही कर दिए जाने से एक ओर अभिलेखों की सुरक्षा हो रही है वही लोगों के कागजातों के नक़ल जल्दी मिल पा रहे है।विगत कुछ दिनों में निकले नक़ल की संख्या से पूर्व के दिनों के नक़ल की संख्या से तुलना की जा सकती है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जिला निबंधन कार्यालय परिसर में जीविका समूह के द्वारा "दीदी की रसोई" की सुविधा उपलब्ध करवाई गयी। अधिकारी ने नीरा विक्रय केंद्र का निरीक्षण के क्रम में नीरा एवं नीरा से निर्मित पेड़ा का स्वाद चखा।

## NEWS IN BRIEF

### ज्ञानवापी के सर्वे मे शिवलिंग मिलने पर विहिप ने किया हनुमान पाठ

मोतिहारी ।काशी विश्वनाथ मंदिर के ज्ञान वापी मस्जिद के तहखाने का किये सर्वे मे मिले शिवलिंग की सूचना पर हर्ष व्यक्त करते हुए विश्व हिन्दू परिषद व बजरंगदल द्वारा स्थानीय मीना बाजार स्थित हनुमान मंदिर मे सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ तथा आरती का आयोजन किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता विहिप के जिला अध्यक्ष सुबोध कुमार अधिवक्ता ने किया व संचालन जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र कुमार सिंह ने किया। आरती भजन के बाद विहिप के क्षेत्र संपर्क प्रमुख सह क्षेत्र विधि प्रकोष्ठ प्रमुख बिहार झारखंड अशोक श्रीवास्तव ने उपस्थित लोगो को बताया कि बनारस कोर्ट के फैसले का विहिप स्वागत करता है सर्वे मे जो तथ्य सामने आया है। उसके आधार पर मुस्लिम समाज को ज्ञान वापी मस्जिद से अपना दावा छोड देना चाहिए। उन्होने कहा कि मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड व ओबैसी जैसे लोग देश मे अस्थिरता पैदा करना चाहते है। सारा देश जानता है कि बाबर और औरंगजेब के काल मे हिंदुओ के मंदिरो को तोडा गया। जिसमे काशी मथुरा और अयोध्या मुख्य रुप से शामिल है।

विहिप इसके लिए वर्षो से संघर्ष कर रहा है।अब जबकि राममंदिर निर्माण के लिए सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय के साथ ज्ञान वापी का सर्वे रिपोर्ट भी हिन्दुओ के पक्ष मे है तो मुस्लिम समाज को इसे हिन्दूओ को सुपुर्द कर देना चाहिए।मौके पर विहिप के जिला सह मंत्री राजन तिवारी मिडिया प्रभारी आनन्द प्रकाश जिला संयोजक हेमन्त कुमार सुरक्षा प्रमुख मनोज शुक्ला परखंड मंत्री संजीव कुमार विहिप नेता आलोक टण्डन बजरंगदल राहूल सिंह मोहित वर्मा,रवि अग्रहरि रोचक झा ,प्रेम शंकर सिंह इत्यादि प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

# फर्जी तरीके से भू अर्जन की राशि गबन के मामले मे प्राथमिकी का आदेश

बीएनएम@मोतिहारी

मोतिहारी। फर्जीवाडा के तहत भू अर्जन की राशि गबन करने के आरोप में डीएम शीर्षत कपिल अशोक ने प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि जिला भू अर्जन कार्यालय ने तथ्यों को पूर्ण रुप से बिना जांच एवं समीक्षा किये भू अर्जन अधिनियम के प्रावधानों के विपरीत राशि को विमुक्त किया गया है। बताया गया है कि फर्जी कागजातों के आधार पर जिला भू अर्जन कार्यालय से 61.60 लाख राशि का फर्जीवाड़ा एवं गबन की गई है। डीएम ने जांच टीम के रिपोर्ट के आधार पर संलिप्त तत्कालीन अमीन यादव लाल राम, प्रोसेस परिचारी, तत्कालीन प्रभारी सहायक एवं प्रधान सहायक शारदानंद सिंह, बैंक के तत्कालीन शाखा प्रबंधक एवं अकाउंटेंट तथा फर्जी व्यक्ति सत्तार मियां के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर राशि वसूली के साथ कार्रवाई करने का आदेश जारी किया है।

# नियम के विरुद्ध जेसीबी हो रहा है मनरेगा का काम, बीडीओ ने लिया संज्ञान

बीएनएम@पताही

पताही। प्रखंड क्षेत्र के बोकाने काला पंचायत में नियम के विरुद्ध जेसीबी मशीन के द्वारा काम किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। वही कागज पर मजदूरों का नामांकन दिखा कर पैसा उठाव किया जा रहा है। ताजा मामला पताही प्रखंड में सामने आया है। मनरेगा योजना का काम रात में जेसीबी से कराया जा रहा था। पंचायत में मनरेगा योजना के तहत स्कूल में मिटी करण एवं पोखरा तथा सड़क बन रही है। नियम के विपरीत सड़क में जेसीबी का इस्तेमाल किया जा रहा है। वही ग्रामीणों ने बताया कि वहां पर दर्जन भर बुजुर्ग मजदूर है। जो मजदूरी कर रहे हैं लेकिन वर्षों से उनका नाम मनरेगा योजना के लिए जॉब कार्ड नहीं बनाया गया है। या भ्रष्टाचार का जरिया बन गया है। इस संबंध में बीडीओ रितु रंजन ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा को जांच का आदेश दिया गया है। जांच प्रतिवेदन आने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। वहीं मनरेगा पीओ आलोक कुमार झा ने बताया कि जैसी मशीन का उपयोग कर अगर मनरेगा योजना में कार्य की जा रही है तो मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। वहीं पंचायत के मुखिया संतोष कुमार ने बताया कि सड़क के किनारे कुछ कचरे कार्य में बाधा उत्पन्न कर रहे थे। उसी के लिए जेसीबी का उपयोग किया जा रहा था।

# मुखिया पति से मांगी 10 लाख रुपए रंगदारी, एक धराया

बीएनएम@मोतिहारी

मोतिहारी। केसरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत रघुनाथपुर पंचायत के मुखिया पति शिवजी कुमार उर्फ मोहन पंडित से 10 लाख रुपए रंगदारी मांगने मामले में बुधवार को आरोपित युवक युवराज कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। आरोपित युवक दिलावरपुर का निवासी है। बदमाश ने मुखिया पति को रंगदारी नहीं देने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी थी। मामले में पीड़ित मुखिया पति ने 16 मई को थाना में आवेदन देकर बताया था कि 14 मई को 5:56 बजे उनके मोबाइल पर कॉल आया। कॉल करने वाले ने चार दिन के अंदर रंगदारी के रूप में 10 लाख रुपए देने को कहा। इसकी सूचना पुलिस में करने पर अंजाम भुगतने की भी धमकी दी थी। इधर, पुलिस ने इस मामला संज्ञान में आते हीं छानबीन शुरु कर दी। जिसके बाद इसमें संलिप्त एक बदमाश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गौरतलब हो कि शिवजी कुमार की पत्नी पूनम कुमारी रघुनाथपुर पंचायत की मुखिया है।




# व्यवसायी से अपराधियो ने मांगी 25 लाख रंगदारी




बीएनएम@मोतिहारी

मोतिहारी। जिले में पुलिस भले ही अपराध नियंत्रण का दावा कर रही है लेकिन बेलगाम हो चुके अपराधी लगातार अपराध को अंजाम दे कर पुलिस को खुली चुनौती दे रहे है।इस कारण लगातार लोगो मे दहशत व्याप्त होता जा रहा है।अपराधी जेल मे बंद हो या बाहर एक के बाद एक अपराध को अंजाम देने मे जुटे है। ताजा मामला आदापुर के भेडिआही निवासी रक्सौल के कपड़ा व्यवसायी टुन्नू प्रसाद का सामने आया है। जिसे जेल में बंद बदमाश कृष्णा कुमार नामक किसी अपराधी ने 25 लाख रुपया की रंगदारी की मांग कर दहशत मे डाल दिया है।बदमाशो ने फोन कॉल के साथ बकायदा वाट्स अप मैसेज भेज रंगदारी नहीं देने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी है।जिसके बाद भयभीत व्यवसायी टुन्नू प्रसाद ने स्थानीय थाना में आवेदन देकर अपनी सुरक्षा की गुहार लगाई है। व्यवसायी टुन्नू प्रसाद ने दिये आवेदन मे बताया है कि रक्सौल में उनका कपड़ा का दुकान है।कल शाम वे अपने पिता की स्वाभाविक मौत के बाद अंतिम संस्कार करके घर लौटे ही थे कि उसी वक्त जेल में बंद बदमाशों ने दो बार कॉल करके उससे 25 लाख रंगदारी की मांग किया।पहली बार फोन करने वाले बदमाश ने अपना नाम कृष्णा कुमार और दूसरी बार फोन करने वाले बदमाश ने अपना नाम मुकेश कुमार बताया। दोनो फोन 9953640549 नंबर से आया।दोनो बार अपराधियो ने जेल से फोन करने की बात कही। बदमाशो ने कहा कि 25 लाख रुपया लेकर कोर्ट में आ जाना और पुलिस को कुछ मत बताना। नहीं तो तुम्हारे पिता का चिता अभी ठंडा नहीं हुआ है और तुम्हारा चिता जल जाएगा। पुलिस ने इस मामले में आवेदन मिलने के बाद जांच शुरु कर दी है।जिस नंबर से फोन करके रंगदारी मांगी गई थी।उस नंबर का कॉल डिटेल्स निकाल कर पुलिस कार्रवाई में जुटी हुई है।

# नित नई ऊंचाइयों को छू रहा है चनपटिया का स्टार्टअप जोन: जिलाधिकारी




बीएनएम@बेतिया

बेतिया। प्रशासनिक सुधारों के जरिए नागरिकों और सरकार को नजदीक लाने के विषय पर श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में दो दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन श्रीनगर में केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर के सहयोग से सम्पन्न हुआ। उक्त महत्वपूर्ण सम्मेलन का आयोजन पीएमओ की पहल पर केंद्र सरकार के प्रशासनिक सुधार व जन शिकायत विभाग और जम्मू कश्मीर सरकार द्वारा किया गया। डॉ0 जितेंद्र सिंह, पृथ्वी विज्ञान और विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पीएमओ, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष राज्य मंत्री ने सम्मेलन का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर डीएआरपीजी के सचिव, वी0 श्रीनिवास सहित कई वरीय अधिकारी और जनप्रतिनिधिगण शामिल हुए। सम्मेलन में पोषण अभियान में जनभागीदारी, खेलो इंडिया योजना के तहत खेलों को बढ़ावा देने, एक जिला एक उत्पाद आदि पर विस्तृत चर्चा की गई। उक्त सम्मेलन में भारत देश के 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। जिसमें बिहार राज्य की तरफ से जिलाधिकारी, पश्चिमी चम्पारण, बेतिया, कुंदन कुमार शामिल हुए और अपने अनुभवों को साझा किया। सम्मेलन का उद्देश्य राष्ट्रीय और राज्य स्तर के संगठनों को एक ही मंच पर लाना है ताकि उनके अनुकूलन, प्रतिकृति और आगे के नवाचार को सुविधाजनक बनाने के लिए सुशासन पहल के निर्माण और कार्यान्वयन में अनुभव साझा किया जा सके।जिलाधिकारी द्वारा सम्मेलन के दौरान उपस्थित गणमान्यों से साझा किया गया कि वैश्विक कोविड आपदा के समय पश्चिमी चम्पारण जिला ने कैसे श्रमिकों को मालिक बनाया, कैसे कम से कम समय में चनपटिया स्टार्टअप जोन (बेतिया मॉडल) को विकसित किया गया, कैसे प्लग एंड प्ले मॉडल पर एक के बाद एक उद्यम अधिष्ठापित होते चले गए, कैसे चनपटिया स्टार्टअप जोन के प्रोडक्ट्स देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी अपना परचम लहरा रहे हैं। जिलाधिकारी द्वारा सम्मेलन में बताया गया कि श्रम का सम्मान करते हुए कामगारों/श्रमिकों के हुनर को जिला प्रशासन के द्वारा पहचानते हुए उन्हें लेबर से सीधे ऑनर बनाया गया है। इस प्रकार से चनपटिया के 20 एकड़ में फैले बाजार समिति में जिले का प्रथम स्टार्टअप की शुरुआत की गई।

## NEWS IN BRIEF

### बेलीसराय पीएसएस में कल सुबह 8 से 10 गुल रहेगी बिजली

मोतिहारी: बेलीसराय पावर सब स्टेशन (पीएसएस) में शुक्रवार को 8 बजे से लेकर 10 बजे तक बिजली गुल रहेगी। जानकारी एसडीओ विकास कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को बेलीसराय 33 केवी लाइन में मेंटेनेंस कार्य चलाया जाएगा। इस बीच मजुराहां ग्रिड से बेलीसराय पीएसएस के बीच तार में सट रही पेड़ की टहनियों की छटनी भी की जाएगी। उमस भरी गर्मी में उपभोक्ताओं को परेशानी न हो, यह प्राथमिकता में शामिल है।

### किसान हत्याकांड मामले में दर्ज हुई प्राथमिकी

चिरैया। थाना क्षेत्र के मंदिलवा गांव में भैंस चराने गए किसान की सोमवार की देर रात गला दबाकर हुई हत्या मामले में बुधवार को प्राथमिकी दर्ज हो गयी है।प्राथमिकी मृतक किसान रुपनारायण राय की पत्नी श्रीपति देवी के लिखित बयान पर दर्ज की गई है। उन्होंने अपने प्राथमिकी में मंदिलवा गांव के सोनालाल राय,पारस राय,वृजा राय व पारस राय की पत्नी कुंती देवी,वृजा राय की पत्नी सुमित्रा देवी, इनरासन देवी तथा मोहद्दीपुर गांव के अभिषेक राय, पटवारी राय, इन्दल महतो सहित दस को आरोपित किया गया है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि सोनालाल राय मृतक किसान के चचेरा भाई है। वह मृतक की निजी जमीन को घेरकर कब्जा कर लिया है। जिसके कारण दोनों के बीच पूर्व से विवाद चल रहा था। जिसमें कई बार सोनालाल राय ने उनके पति को जान से मारने की धमकी दिया था। इधर थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि हत्या मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। सभी आरोपी घर छोड़ कर फरार है।

# निवर्त्तमान सभापति गरिमा सिकारिया ने किया मोमो नेशनल कैफे का उद्घाटन

बीएनएम@बेतिया

बेतिया। नगर निगम की निवर्त्तमान सभापति गरिमा देवी सिकारिया ने बुधवार को लालबाजार स्थित 'मोमो नेशन कैफे' का समारोह पूर्वक उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि वैसे तो मोमोज भारतीय डिश नहीं रहा है। लेकिन पिछले कुछ सालों में मोमोस की लोकप्रियता अपने बिहार सहित पूरे भारतवर्ष में भी काफी बढ़ गई है। चटपटे जायका के बढ़ते पसुंद को लेकर ज्यादातर लोग अब स्नेक्स में मोमोज खाना पसंद करने लगे हैं। इस परिवेश में मोमोस का व्यवसायिक महत्व भी बढ़ गया है। अगर खाने पीने के बाजार में आज उम्दा प्रकार का मोमोज परोसने के का बिजनेस अपने शहर में शुरु हो गया है। इन दिनों खाने-पीने के सामानों गुणवत्तापूर्ण उत्पादन को बिजनेस का रुप देने पर सफलता की संभावना बहुत ही अधिक है। हमारी शुभकामना है कि आप लोगों के भरोसे पर खरा साबित हो।

# एलआईसी शाखा प्रबंध के स्थानांतरण के उपरांत हुई बिदाई समारोह

बीएनएम@रक्सौल

रक्सौल। स्थानीय एलआईसी शाखा कार्यालय के सभागार में मंगलवार को एलआईसी शाखा प्रबंधक नवीन कुमार के स्थानांतरण के उपरांत बिदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक शाखा प्रबंधक रमेश कुमार व संचालन प्रशासनिक पदाधिकारी अनवार आलम ने की ।इस अवसर पर सहायक शाखा प्रबन्धक बिपुल पांडेय,सहायक प्रशासनिक पदाधिकारी उमेश प्रसाद,मनोज कुमार ,मोहन केरकट्टा, मुकुंद कुमार शर्मा,बिकाश पदाधिकारी महमद इंनमुल्लाह,अमरेश कुमार ,पवन सहनी आदि लोगो ने कार्यक्रम को सम्बोधित किया। अधिकारियों ने शाखा प्रबंधक नवीन कुमार के ब्यक्तिव व कृतित्व की चर्चा की साथ ही कोरोना काल मे शाखा प्रबंधक श्री कुमार के नेतृत्व में की गई उत्कृष्ट कार्यो की भूरी -भूरी प्रशंसा की । इस मौके पर ऑल इंडिया लियाफी के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष तथा अध्यक्षीय क्लब सदस्य व एमडीआरटी सदस्य बिपिन कुशवाहा ने शाखा प्रबंधक श्री कुमार को पुष्प गुच्छ अंगवस्त्र व पशुपतिनाथ का प्रतीक चिन्ह देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की । सहायक शाखा प्रबंधक रमेश कुमार ने बताया कि शाखा प्रबंधक नवीन कुमार स्थानातरित होकर बगहा जा रहे है वही बगहा के शाखा प्रबंधक मनोज कुमार नए शाखा प्रबन्धक के रुप में रक्सौल शाखा में कार्यभाल संभालेंगे ।

# वाहन जाँच में दर्जनों वाहन चालको का काटा गया चलान

बीएनएम@सिकरहना

सिकरहना। पचपकडी ओ0पी0 थानाध्यक्ष विक्रांत सिंह वरीय अधिकारि के आदेश के आलोक में पचपकडी-शिवहर मुख्य सड़क स्टेट हाइवे 54 के भंडार में गहन वाहन जांच किया गया। जिससे मोटरसाइकिल चालको में हड़कम्प मच गया। आगे बताते चले कि पचपकडी ओ0पी0 थानाध्यक्ष विक्रांत सिंह तख्त मिजाज के लोगो के साथ करुबे तेबर से पेश आते हैं तो वही नरम मिजाज बाले लोगो के साथ सामाजिक वार्तालाप से भी आते हैं। वाहन जांच के क्रम में कुछ वाहन चालक पुलिस को चकमा देकर भागने की भी कोशिश किया।लेकिन विक्रांत सिंह के काबलियत के आगे चकमाबाज को नही चल सका और पकड़ा भी गया। वही सभी वाहन चालकों से कागजात देखने के बाद हेमलेट,ड्राइवरी लाइसेंस आदि देखने के बाद छोड़ दिया गया।वही जो यातायात के नियम के विरुद्ध बिना हेमलेट के,बिना ड्राइवरी लाइसेंस के पाए जाने पर दर्जनों वाहन चालकों को यातायात के नियम के अनुसार जुर्माना भी किया गया।



# नर्सिंग होम में छापेमारी से संचलको में हड़कम्प


BORDERNEWSMIRROR BNM to the point... 18 May 2022 - Page 5

वैध-अवैध नर्सिंग होम की जॉच का निर्देश



बीएनएम@सिकरहना

सिकरहना। ढाका प्रखण्ड क्षेत्र के पचपकडी में चल रहे वैध-अवैध नर्सिंग होम का कालाधन्धा विगत कई वर्षो से चल रहा हैं। जिसको लेकर अनुमंडल चिकित्सा पदाधिकारी से लेकर जिला चिकित्सा पदाधिकारी का साठगांठ नजर आता था,जिसका क्षेत्रीय लोगो मे काफी चर्चा होता रहता हैं। लेकिन अब देखना है कि जांच टीम कितने नर्सिंग होम एवम क्लिनिक को वैध और कितने को अवैध करार देता हैं। आगे बताते चले कि अनुमंडलीय उपाधीक्षक एन0के0शाह के निर्देश के आलोक में पत्रांक 236/14-5-22 में तीन सदस्यीय टीम का गठन किया गया था। जिस टीम को तीन भागों में बाट कर जांच करने की निर्देश दिया गया था। जिसमे प्रथम टीम डॉ.पीयूष कुमार चि0 पदा0ढाका, इमरानुल्लाह अंसारी लिपिक,विद्यासागर प्रसाद,समीरुल हक को पचपकडी मेन सड़क से उतर तरफ ढाला से भंडार पेट्रोल पम्प तक, दूसरा टीम डॉ. संजय कुमार. डॉ.जावेद आशिक, प्रेमशंकर सिंह, प्रमोद कुमार पाठक, को पचपकडी मेन सड़क से दक्षिण तरफ ढाला से भंडार पेट्रोल पंप तक सभी नर्सिंग होम, क्लिनिक,जांचघर, एवम अल्ट्रासाउंड के सभी संस्थानों का रजिस्ट्रेशन नम्बर के साथ गहन जांच पड़ताल किया गया। जबकि स्पेशल तीसरी टीम माता श्री सेवा सदन, एवम विणा हॉस्पिटल पचपकडी को गहन जांच करने के लिए डॉ.जितेंद्र कुमार. डॉ.सोहैल अख्तर, जगनफर आलम बी0सी0एम0 को गठित किया गया था। वही जांच टीम को आने से सभी संस्थानों के संचलको में हड़कम्प की स्थिति हो गया। आखिर पचपकडी बाजार पर स्थित दो दर्जन से अधिक वैध-अवैध नर्सिंग होम,क्लिनिक विगत कई वर्षो से संचालित है। ऐसे में कई बार जांच भी किया गया हैं। लेकिन जांच करने के बाद कौन नर्सिंग होम वैध हैं, और कौन अवैध इसकी जानकारी सार्वनिक किया गया नही कोई करवाई किया गया हैं। आगे पचपकडी बाजार के गण्यमान लोगो से लेकर चौक चौराहो पर बैठने बाले दर्जनों लोगों का कहना है ऐसा जांच हमेसा होते रहता हैं, लेकिन करवाई के नाम पर अवैध उगाही कर वैध करार दे दिया जाता हैं। जिससे साल में पचपकडी बाजार पर स्थित नर्सिंग होम में दो-चार की मौत सुनिश्चित हो जाता हैं,लेकिन नर्सिंग होम संचालको के दबंगता के कारण कोई करवाई भी नही होता हैं।

बीएनएम@सिकरहना

सिकरहना। ढाका प्रखण्ड अंतर्गत पचपकडी में चल रहे अवैध नर्सिंग होम में लगातार दूसरे दिन छापेमारी से नर्सिंग होम संचालको में हड़कम्प मचा हुआ है। नर्सिंग होम संचलको को पहले से ही पता रहता है कि छापेमारी होने बाला हैं। अवैध नर्सिंग होम संचालको का स्वास्थ्य विभाग में अपना इस तरह घुसपैठ बना लिया है कि अवैध नर्सिंग होम संचालक अगर पकड़ा भी जाता हैं तो घुस देकर तुरन्त छूट भी जाता हैं। अनुमंडल उपाधीक्षक कर्नल डॉ0 एन के शाह के निर्देश पर तीन सदस्यी टीम गठित कर पचपकडी में सभी नर्सिंग होम एवम सभी संस्थानों का जिला चिकित्सा पदाधिकारी के आदेश के आलोक में जांच कराया गया था। लेकिन पचपकडी बाजार पर स्थित दो नर्सिंग होम का जाँच का पूर्ण विवरण नही मिलने के कारण पुनः जाँच कराया गया। जिसमें पचपकडी मेन सड़क पर स्थित माता श्री सेवा सदन एवम विणा हॉस्पिटल को जाँच किया गया। जिसमें माता श्री सेवा सदन के प्रो0 सह डॉ. प्रमोद कुमार अपने संस्थान पर मौजूद पाए गया। वही विणा हॉस्पिटल के संचालक सह डॉ. पी.कुमार अपने संस्थान से गायब पाया गया। वही छापेमारी के बारे में जब सिकरहना अनुमंडल के अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ0 कर्नल एन के शाह से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि जिला चिकित्सा पदाधिकारी के पत्रांक 2577/13-5-22 के आदेश के आलोक में टीम गठन किया गया हैं,जो छापेमारी कर सभी संस्थानों से कागजात की मांग किया जा रहा हैं।संस्थान जो भी कागजात दे रहा है उसका सत्यापित कर जिला चिकित्सा पदाधिकारी मोतिहारी को भेज दिया जाएगा।वही बातो ही बातो में उपाधीक्षक एन के शाह ने बताया कि आखिर समाज को भी जागरुकता होना होगा कि ऐसे बिना डिग्रीधरि डॉ0से लेकर दलाल की चुंगल से बचना होगा। वही जब छापेमारी की गोपनीयता के बारे पूछा गया तो बताए कि अवैध नर्सिंग होम के संचालक किसी न किसी राजनीति करने बाले या दवंग का सरक्षण प्राप्त किया है।जिससे करवाई से लेकर

## नारी को आत्मबल की याद दिला रहे मोदी- योगी

मानव जाति खुद का विकास करने में सक्षम है, यदि उसको कोई उसके बल की याद दिलाए। वह पुरुष हो या महिला सब खुद में एक नई कृति, नई सोच, नया कार्य करने की क्षमता रखते हैं। महिलाओं के बारे में तो इसे और सबल ढंग से कहा जा सकता है। महिलाओं को परिवार व समाज में माहौल मिल जाए तो कोई ऐसा काम नहीं है, जिसे वे पुरुषों की अपेक्षा बेहतर न कर सकें। वर्तमान सरकार यही कर रही है, महिलाओं को आत्मबल देने का काम। दरअसल जब तक महिलाओं का विकास नहीं होता, तब तक राष्ट्र का संपूर्ण विकास संभव नहीं है। राष्ट्र के विकास के लिए महिला का विकास जरुरी है। इस बात को ही शायद आजादी के बाद की सरकारों ने नहीं समझा और महिला को सिर्फ अबला मानकर उसकी रक्षा के लिए कानून बनाकर मौन हो गयीं। इसे पहली बार समझने का काम किया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने। यही कारण है कि उनकी तमाम योजनाएं महिलाओं को आत्मबल देने पर केन्द्रित रही हैं। यहां तक कि आज तो सरकारी योजना के तहत मिलने वाले आवास की चाभी भी महिला को सौंपी जाती है। इसका एकमात्र कारण है महिलाओं में आत्मबल पैदा करना। यदि कोई सदियों से घूंघट की घुटन में जी रहा हो, उसे तुरंत पर्दे से बाहर नहीं लाकर हम दौड़ा नहीं सकते। वैसे ही आत्मबल भी है। यह एक दिन का काम नहीं है, यह धीरे-धीरे चलने वाली प्रक्रिया है, जिसका प्रतिफल एक साल में दिखना तो शुरु हो जाता है लेकिन मूल परिणाम आने में दशकों लग जाते हैं। किसी भी समाज के विकास के लिए पहली जरुरत होती है, शिक्षित होना। इसकी सोच प्रधानमंत्री ने पहले ही पाल रखी थी और सत्तासीन होते ही 22 जनवरी 2015 को उन्होंने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना की शुरुआत की। इसका मुख्य उद्देश्य बेटियों को उच्च शिक्षा प्रदान किया जाना, उन्हें सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ाना है। आज गांव-गांव में यह गूंज दिख जाती है- 'बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ।" वहीं महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक मई 2016 को उज्ज्वला योजना की शुरुआत कर दी।

## भारत-नेपाल मैत्री: हिमालय की तरह अचल

मृत्युंजय दीक्षित



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर नेपाल की यात्रा की, यह यात्रा ऐसे समय में हुई है जब विश्व का बहुत बड़ा हिस्सा युद्ध और हिंसा के वातावरण के दौर से गुजर रहा है। विश्व के कई देश कोविड महामारी के बाद आंतरिक अशांति से गुजर रहे हैं तथा पूरा विश्व समुदाय भारत की ओर आशा की दृष्टि से देख रहा है। इसके अतिरिक्त ये ऐसा समय है जब नेपाल में बहुत समय बाद भारत का समर्थन करने वाली सरकार है। ज्ञातव्य है कि नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा के पहले वाली सरकार पर चीन का प्रभुत्व था और चीन की शह पर नेपाल भारत के खिलाफ था, यहां तक कि उसने भारत के कुछ हिस्सों पर अपना दावा भी पेश करना शुरु कर दिया था जिसके कारण नेपाल और भारत सरकार के बीच सम्बन्धों की मधुरता समाप्त प्राय हो गयी थी। इसी बीच नेपाल में आंतरिक राजनैतिक उठापटक हुई और शेर बहादुर देउबा वहां के नए प्रधानमंत्री बने। जिसके बाद अब एकबार फिर भारत और नेपाल के बीच सकारात्मक वातावरण बना है। बुद्ध पूर्णिमा के दिन नेपाल पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लुम्बिनी स्थित माया देवी मंदिर में पूजा-अर्चना की और विश्व शांति का वरदान मांगा। प्रधानमंत्री ने वहां अशोक स्तम्भ के भी दर्शन किये और दीप जलाये। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस प्रकार लुम्बिनी में नेपाल की जनता को संबोधित किया, वह बहुत सुखद व सकारात्मक संदेश दे रहा था और वह संबोधन कई मायने में ऐतिहासिक कहा जायेगा क्योंकि उसमें चीन सहित उन सभी को संदेश दिया गया जो यह समझ रहे थे कि नेपाल और भारत के बीच अब खाई इतनी गहरी हो गयी है कि उसे भर पाना मुश्किल है। प्रधानमंत्री ने धर्म, आस्था, संस्कृति के समागम के साथ भारत -नेपाल मैत्री के नये युग की शुरुआत के संकेत दिये। प्रधानमंत्री ने अपनी नेपाल यात्रा के माध्यम से सारनाथ से लुंबिनी वाया कुशीनगर के विकास का खाका तैयार कर दिया है। इस बीच भारत और नेपाल के मध्य छह समझौते हुए तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा के मध्य द्विपक्षीय वार्ता भी हुई जिसमें कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। प्रधानमंत्री का लुंबिनी में स्वागत अभूतपूर्व रहा जब वह मायादेवी मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद बाहर निकले तो लोग उनको देखने और उनसे मिलने के लिए आतुर थे। वहां की जनमानस में भारत के प्रति प्रेम उमड़ रहा था। ऐसा प्रतीत ही नहीं हो रहा था कि यह लोग चीन की भारत विरोधी नीतियों से प्रभावित हो सकते हैं। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लुम्बिनी में वहां उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित किया और लोगों ने जिस प्रकार से मोदी-मोदी के नारे लगाकर उनका स्वागत और समर्थन किया उससे भारत के प्रति उनके सहज प्रेम का अनुमान पूरे विश्व को हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लुम्बिनी के अपने सम्बोधन में कहा कि अयोध्या में बन रहे राममंदिर से नेपाल के लोग भी खुश हैं, जिसके बाद वहां उपस्थित जनसमुदाय में आनंद की नयी लहर दौड़ गयी। उन्होंने आगे कहा कि प्रभु राम के युग से ही नेपाल भारतीयों के लिए आस्था का केंद्र रहा है क्योंकि वह माता सीता का घर है। दोनों देश मिलकर मानवता के लिए काम करेंगे और पूरे विश्व में भगवान बुद्ध के शांति के संदेश को पहुंचाएंगे। वर्तमान वैश्विक हालात को देखते हुए तय है कि भारत और नेपाल का संबंध और मजबूत होगा। दोनों देशों के बीच सिर्फ व्यावसायिक संबंध नहीं हैं, अपितु सांस्कृतिक और सामाजिक संबंध भी हैं।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

*Today's* **Opinion**

## बैडमिंटन में विश्व पटल पर बढ़ा भारत का गौरव



**योगेश कुमार गोयल**

खेलों के क्षेत्र में भारत अब लगातार शानदार प्रदर्शन कर रहा है। पिछले साल ओलम्पिक खेलों में सुखद प्रदर्शन के बाद अलग-अलग खेलों में भारतीय खिलाड़ी कमाल का प्रदर्शन करते हुए नित नए-नए रिकॉर्ड बना रहे हैं। 15 मई को थाईलैंड की राजधानी बैंकाक में खेले गए बैडमिंटन के सबसे प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में भारत ने ऐतिहासिक जीत दर्जकर विश्व पटल पर भारत का गौरव बढ़ाया है। भारतीय खिलाड़ियों ने ऐसी टीम को पटखनी देकर थॉमस कप भारत के नाम किया, जो विश्व की अपराजेय टीम मानी जाती रही है। हालांकि भारत को ग्रुप स्टेज में चीनी ताइपे ने हरा दिया था, जिसके बाद तमाम खेल विश्लेषक मान बैठे थे कि भारत क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाएगा लेकिन टीम इंडिया ने मलेशिया, डेनमार्क तथा इंडोनेशिया को मात देकर स्वर्णिम सफलता हासिल की। फाइनल मुकाबले में 14 बार की चैम्पियन इंडोनेशियाई टीम को ही जीत का दावेदार माना जा रहा था लेकिन भारतीय खिलाड़ियों ने इंडोनेशिया को 3-0 से मात देते हुए सारे अनुमानों को गलत साबित कर दिया। भारत के लिए यह जीत इसलिए खास है क्योंकि भारत ने थॉमस कप के 73 वर्षों के इतिहास में कुल 13 बार इस टूर्नामेंट में हिस्सा लिया और कामयाबी 13वें प्रयास में हासिल हुई है। यह जीत वैसी ही है, जैसी 1983 में कपिलदेव की कप्तानी में विश्वकप क्रिकेट में भारत को मिली थी। बैडमिंटन में प्रकाश पादुकोण, पी. गोपीचंद, पीवी सिंधु, साइना नेहवाल, ज्वाला गुट्टा, किदांबी श्रीकांत जैसे कई खिलाड़ी ओलम्पिक, एशियाई खेलों, राष्ट्रमंडल खेलों, विश्व चैम्पियनशिप इत्यादि विभिन्न टूर्नामेंटों में शानदार प्रदर्शन करते हुए अनेक उपलब्धियां हासिल कर चुके हैं लेकिन थॉमस कप में भारतीय प्रतिभाएं लगातार विफल होती रही। थॉमस कप टूर्नामेंट में भारत की जीत ऐतिहासिक और यादगार इसलिए भी है क्योंकि 2014, 2016 और 2018 की स्पर्धाओं में जो भारतीय टीम नॉकआउट तक नहीं पहुंच सकी थी और 2020 में भारत क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गई थी, उसके लिए इस बार भी मलेशिया तथा डेनमार्क जैसी टीमों को शिकस्त देकर फाइनल तक पहुंचना और फाइनल में इंडोनेशिया जैसी बेहद सशक्त टीम को हराना आसान नहीं था। फाइनल में भारत से हारने वाली इंडोनेशिया टीम पूरे टूर्नामेंट में इससे पहले एक भी मैच नहीं हारी थी। भारत ने 1952 तथा 1955 की स्पर्धाओं में अंतिम राउंड तक का सफर तय किया था और उसके बाद बेहतरीन प्रदर्शन 1979 में रहा था, जब प्रकाश पादुकोण की अगुवाई में टीम सेमीफाइनल तक पहुंचने में सफल रही थी। उसके बाद से भारतीय टीम कभी भी सेमीफाइनल से आगे नहीं बढ़ सकी और सेमीफाइनल से फाइनल तक का सफर तय करने में भारत को 43 साल लग गए। इस बार भारतीय खिलाड़ियों के जज्बे ने 2016 के चैम्पियन डेनमार्क को हराकर टीम को फाइनल में जगह दिलाई और अंततः भारत 14 बार के चैम्पियन इंडोनेशिया को हराकर नया इतिहास रचते हुए विश्व विजेता बन गया। थॉमस कप टूर्नामेंट वर्ष 1949 से नियमित खेला जा रहा है, जिसके आयोजन का विचार सबसे पहले बेहतरीन खिलाड़ी माने जाने वाले सर जॉर्ज एलन थॉमस के दिमाग में आया था। वह चाहते थे कि फुटबॉल विश्वकप तथा टेनिस के डेविड विश्वकप की ही भांति बैडमिंटन का भी टूर्नामेंट होना चाहिए। शुरुआत में यह टूर्नामेंट हर तीन साल के अंतराल पर आयोजित किया जाता था लेकिन 1982 के बाद इसका आयोजन दो वर्षों में एक बार किया जाने लगा। 1949 से अभी तक यह टूर्नामेंट अब तक कुल 32 बार आयोजित किया जा चुका है। दुनिया के इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन के कुल 16 सदस्य देश हिस्सा लेते हैं। इस टूर्नामेंट में इंडोनेशिया, चीन, डेनमार्क, मलेशिया तथा जापान जैसी टीमों का ही दबदबा रहा था और भारत अब इस दबदबे को खत्म करते हुए टूर्नामेंट जीतने वाला छठा देश बन गया है।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

मुद्रक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी बिहार -845401 से मुद्रित तथा सरोतर निवास राजाबाजार, मोतिहारी बिहार से प्रकाशित, संपादक सागर सूरज* फोन न:-06252-296796, प्रसार:-9470050309
ईमेल:- bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइट:- www.bordernewsmirror.com(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) TITLE CODE - BIHBIL02431

# लखनऊ मेट्रो के सुपर सेवर कार्ड से कानपुर मेट्रो में यात्री कर सकेंगे सफर, तैयारियां शुरु



फ़ाइल फोटो

बीएनएम@लखनऊ

लखनऊ। लखनऊ मेट्रो के सुपर सेवर कार्ड, टूरिस्ट कार्ड और गो स्मार्ट कार्ड का उपयोग आने वाले दिनों में यात्री कानपुर मेट्रो में भी कर सकेंगे। इसके लिए तैयारियां शुरु कर दी गई हैं। कानपुर में कॉरिडोर का कार्य पूरा होते ही यह व्यवस्था लागू की जाएगी। इससे लखनऊ और कानपुर के मेट्रो यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीएमआरसीएल) भविष्य में अपने सभी यात्री कार्ड को आपस में कनेक्ट करने की तैयारी में है। इससे लखनऊ मेट्रो का यात्री सुपर सेवर गो स्मार्ट कार्ड लेकर कानपुर में सफर करेगा तो उसे कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं देना पड़ेगा। यदि गो स्मार्ट कार्ड की मियाद है और उस कार्ड में पैसे हैं तो उसका उपयोग आगरा, झांसी और अन्य जिलों में प्रस्तावित मेट्रो में भी यात्री कर सकेंगे। यूपीएमआरसीएल के द्वारा भविष्य में सभी यात्री कार्ड को आपस में कनेक्ट करने से कानपुर का यात्री लखनऊ में और लखनऊ मेट्रो का यात्री कानपुर मेट्रो में अपने कार्ड से सफर कर सकेगा। यात्रियों को किसी नई प्रकिया से नहीं गुजरना होगा। इसके अलावा यात्री अपना कार्ड किसी भी जिले में संचालित मेट्रो के काउंटर पर रिचार्ज भी करा सकेंगे। यूपीएमआरसीएल के प्रबंध निदेशक कुमार केशव ने बताया कि सुपर सेवर कार्ड प्रदेश के किसी भी जिले में भविष्य में इस्तेमाल किया जा सकेगा। यह कार्ड उत्तर प्रदेश के बाहर अन्य राज्यों में चलने वाली मेट्रो में अभी उपयोग नहीं हो सकेगा। भविष्य में अन्य राज्यों में चलने वाली मेट्रो के साथ बातचीत पर विचार किया जा सकता है, लेकिन अभी यह निर्णय लेना बहुत जल्दबाजी होगा। इसलिए पहला फोकस यूपी के जिलों में मेट्रो के विकास कार्यों पर देना है। फिलहाल अभी हमारी टीम का पूरा फोकस लखनऊ और कानपुर में चलने वाली मेट्रो ट्रेन सेवाओं पर है।

## NEWS IN BRIEF

### मेरठ में कैंट बोर्ड कार्यालय में लोगों का हंगामा

मेरठ। मेरठ व्यापार मंडल के बैनर तले बुधवार को लोगों ने कैंट बोर्ड कार्यालय में जमकर हंगामा किया। उन्होंने निर्माण को लेकर कैंट बोर्ड कर्मचारियों पर परेशान करने का आरोप लगाया। मेरठ व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सरदार जीतू नागपाल के नेतृत्व में लोगों ने कैंट बोर्ड कार्यालय पर प्रदर्शन किया। उन्होंने हंगामा करते हुए आरोप लगाया कि कैंट बोर्ड के कुछ कर्मचारी लोगों के घरों में जाकर अनावश्यक परेशान कर रहे हैं। कैंट बोर्ड अधिकारियों को ज्ञापन देकर ऐसे कैंट बोर्ड कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि कैंट क्षेत्र में उनके 50 से 60 साल पुराने निर्माण है। कुछ कर्मचारी घर-घर जाकर लोगों को परेशान कर रहे हैं और कार्रवाई की बात कह रहे हैं। लोगों ने कैंट अधिकारियों से कहा कि वर्षों पहले हुए निर्माण में उनके बुजुर्गों ने कोई नियमों का उल्लंघन किया है तो उन्हें बताया जाए। जिससे उसमें सुधार किया जा सकें।

### लखनऊ में एसडीएम और तहसीलदार के तबादले

लखनऊ। जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश के निर्देश पर एक उप जिलाधिकारी, दो अपर नगर मजिस्ट्रेट और दो तहसीलदारों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। इनमें सबसे पहले सिद्धार्थ को उपजिलाधिकारी बीकेटी से हटाकर सरोजनी नगर भेजा गया है। गोविन्द मौर्या को अपर नगर मजिस्ट्रेट (प्रथम) से उप जिलाधिकारी बनाकर बीकेटी की जिम्मेदारी दी है। बृजेश तिवारी को अपर नगर मजिस्ट्रेट (द्वितीय) को अपर नगर मजिस्ट्रेट (प्रथम) का अतिरिक्त कार्यभार मिला है।

# फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत, अभिनेता अर्जुन रामपाल पहुंचे वाराणसी

बीएनएम@

वाराणसी। बॉलीवुड की युवा अभिनेत्री कंगना रनौत और अभिनेता अर्जुन रामपाल बुधवार दोपहर में अपनी अपकमिंग फिल्म का प्रमोशन करने वाराणसी पहुंचे। अभिनेत्री कंगना रनौत और अभिनेता अर्जुन रामपाल को बाबतपुर स्थित लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के लाउंज में देख एयरपोर्ट के कर्मचारी और यात्री सेल्फी और ऑटोग्राफ लेने के लिए उनके पास पहुंचे। कंगना रनौत ने सेल्फी लेने से मना कर दिया और सुरक्षा के घेरे में शहर के लिए रवाना हो गईं। कंगना रनौत के साथ अभिनेता अर्जुन रामपाल,फिल्म के निर्देशक रजनीश घई, साथी अभिनेत्री दिव्या दत्ता भी आई हैं। फिल्म यूनिट से जुड़े सूत्रों के अनुसार शाम को फिल्म के प्रमोशन के साथ अभिनेत्री और अन्य लोग दशाश्वमेधघाट पर गंगा आरती भी देंखेंगे।

# पत्नी की हत्या कर युवक थाने पहुंचा, नौ साल पहले किया था प्रेम विवाह

बीएनएम@

लखनऊ। पीजीआई थाना क्षेत्र में एक युवक ने अपनी पत्नी की मंगलवार बीतीरात हत्या कर दी। अगले दिन बुधवार की सुबह हत्यारा थाने पहुंचकर अपने गुनाह को स्वीकारा। मायके पक्ष की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। थाना प्रभारी धर्मपाल सिंह ने बताया कि जांच में पता चला है कि मूलरुप से मऊ की रहने वाली सरिता (34) और राजमिस्त्री कृष्ण कुमार उर्फ छोटू ने नौ साल पूर्व प्रेम विवाह किया था। इसके बाद दोनों लखनऊ के कल्ली पश्चिम में किराये के मकान रह रहे थे। एक साल पूर्व दम्पति के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ कृष्ण अपने दोनों बच्चों कार्तिक व लक्ष्मी को लेकर मऊ में रहने लगा। पत्नी सरिता कल्ली पश्चिम में ही रह कर एक मसाला कंपनी में काम करने लगी। बुधवार की सुबह कृष्ण कुमार थाने पहुंचा और कहा कि उसने अपनी पत्नी की हत्या कर दी है। शव को कब्जे में लेकर घटना की जानकारी मायके पक्ष को दी । थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपित से पूछताछ में पता चला है कि परिवारिक कारणों से दोनों में झगड़ा चल रहा था और इसी के चलते दोनों लोग अलग-अलग रह रहे थे। बुधवार को उसने पत्नी की दुपट्टे से गला कसकर हत्या कर दी। उसने खुद पुलिस के सामने आत्मसमर्पण भी किया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# खड़े टैंकर में घुसी कार, चार की मौत



बीएनएम@कानपुर देहात

कानपुर देहात। उप्र के कानपुर देहात जनपद में अकबरपुर थाना क्षेत्र स्थित नेशनल हाइवे पर पानी के टैंकर में पीछे से आई तेज रफ्तार कार जा घुसी। हादसा इतना दर्दनाक था कि मौके पर ही दो लोगों की मौत हो गई। जबकि दो लोगों को अस्पताल में डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची अकबरपुर कोतवाली पुलिस के साथ एसडीएम पहुंचे और राहत कार्य कराते हुए मृतकों के परिजनों को घटना की जानकारी देते हुए कार्रवाई शुरु कर दी है। कानपुर देहात के थाना अकबरपुर के शहजादपुर गांव के पास नेशनल हाइवे पर बुधवार को औरैया से कानपुर की ओर आ रही कार खड़े पानी के टैंकर से एक तेज रफ्तार से जा रही कार पीछे से जा घुसी। जोरदार भिड़ंत में कार में सवारों में चीख पुकार मच गई और राहगीरों के साथ क्षेत्रीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना अकबरपुर पुलिस को दी गई। भीषण टक्कर की सूचना पर पुलिस के साथ अकबरपुर एसडीएम बागीश शुक्ला मौके पर पहुंचे। लोगों की मद्द से पुलिस ने कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक दो लोगों की मौत हो चुकी थी। दो लोगों को गंभीर हालत में कार से निकाला गया और उन्हें एम्बुलेंस ने पुलिस के जिला अस्पताल के लिए भेजा। इस बीच रास्ते में तीसरे घायल ने दम तोड़ दिया। जबकि चौथे घायल युवक की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने हाइवे से क्षतिग्रस्त कार को हटवाते हुए यातायात सुचारु कराते हुए मृतकों की शिनाख्त की। पहचान के आधार पर पुलिस ने मृतकों के परिजनों को घटना की जानकारी देते हुए शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की पुष्टि करते हुए एसडीएम अकबरपुर बागीश शुक्ला ने बताया कि सड़क हादसे में कार सवार 2 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि 2 लोगों को डाक्टरों ने अस्पताल में मृत घोषित कर दिया। हादसे में मृतकों के परिजनों को जानकारी देते हुए अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। इनकी हुई मौत हादसे में मृतक की पहचान अरविन्द माधव (56) , चालक अजहर अली (25), मयंक पोरवाल (29) व राजू पोरवाल (55) है। इनमें मयंक व राजू पोरवाल पिता पुत्र हैं। सभी मृतक औरैया जनपद के अलग अलग मोहल्ले के रहने वाले थे। जानकारी मिली है कि कानपुर में दवा लेने के लिए आ रहे थे।

# केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी करेंगे हुनर हाट का उद्घाटन

बीएनएम@आगरा

आगरा। केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी आगरा में बुधवार से शुरु हुए हुनर हाट का गुरुवार को पूर्वाह्न 11 बजे औपचारिक उद्घाटन करेंगे। इस दौरान केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्यमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक भी मौजूद रहेंगे। केंद्रीय मंत्री नकवी कार्यक्रम में शरीक होने के लिए आज रात को ही आगरा पहुंच जाएंगे। आगरा के शिल्पग्राम में 29 मई तक चलने वाले 12 दिवसीय 41वें हुनर हाट में 32 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से 800 से अधिक कलाकार, दस्तकार और शिल्पकार भाग ले रहे हैं। विभिन्न जगहों से आने वाले इन कलाकारों के द्वारा 300 से अधिक स्टॉल सजाई जाएंगी। इसके अलावा मशहूर रैम्बो इंटरनेशनल सर्कस के रोजाना तीन शो होंगे और प्रतिदिन शाम को बॉलीवुड के दिग्गज कलाकार अपनी प्रस्तुतियों की माध्यम से लोगों को मंत्रमुग्ध करेंगे। 12 दिवसीय चलने वाले इस हुनर हाट का लोग सुबह 10 से रात्रि 10 तक निःशुल्क आनंद उठा सकते हैं।



# गुजरात : नमक फैक्ट्री की दीवार ढहने से 30 श्रमिक दबे, 12 की मौत, प्रधानमंत्री ने जताया दुःख



बीएनएम@नई दिल्ली

मोरबी/गुजरात। मोरबी के हलवद इलाके में एक नमक फैक्ट्री की दीवार ढह जाने से 30 से अधिक श्रमिक मलबे में दबने की खबर है। इस हादसे में 12 श्रमिकों के शव निकाले जा चुके हैं। हादसे में 18 लोग घायल हुए हैं। घटना पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुःख जताया है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों का चार-चार लाख रुपये और प्रत्येक घायलों को पचास हजार रुपये के साथ उनका मुफ्त इलाज कराने की घोषणा की है। बताया गया कि हलवद जीआईडीसी क्षेत्र में सागर साल्ट नामक फैक्ट्री में दोपहर को एक दीवार अचानक ढह गई। घटना के समय वहां 30 से अधिक श्रमिक कार्य कर रहे थे। यह सभी दीवार के मलबे में दब गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने बचाव अभियान शुरु किया। घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय विधायक और कलेक्टर समेत कई उच्चाधिकारी भी मौके पर पहुंचे। जेसीबी से मलबा हटाकर श्रमिकों को निकालने का कार्य शुरु किया गया है। मलबे से अब तक 10 शव निकाले जा चुके हैं। इसके अलावा कई घायलों को अस्पताल में भर्ती किया गया है। हादसे में मरने वालों की संख्या में अभी और इज़ाफा होने की आशंका जताई जा रही है। बचाव कार्य चल रहा है। दीवार ढहने का कारण अभी नहीं हो सका है। श्रमिकों ने बताया कि हादसे के शिकार मजदूर राधनपुर तहसील के गांवों के रहने वाले हैं। मृतकों की पहचान रमेशभाई नरसिम्हाभाई खिराना, श्यामभाई रमेशभाई कोली, दीपकभाई सोमानी, रमेशभाई मेघाभाई कोली, राजूभाई जेरामभाई, दिलाभाई रमेशभाई कोली, राजीबेन भरवाड, देवीबेन भरवाड, दिलीपभाई रमेशभाई, शीतबेन दिलीपभाई, दक्षाबेन रमेशभाई कोली और काजलबेन जेशाभाई के रुप में हुई है। मृतकों में पांच महिलाएं भी हैं। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने हादसे पर शोक जताते हुए मृतकों के परिवार को मुख्यमंत्री राहत कोष से चार-चार लाख रुपये, घायलों को 50-50 हजार रुपये और उनका पूरा इलाज मुफ्त करवाने की भी घोषणा की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नमक फैक्ट्री की घटना पर ट्वीट कर दुख जताया है। प्रधानमंत्री ने अपने ट्वीट में लिखा कि, मोरबी में दीवार गिरने की घटना काफी दुख पहुंचाने वाली है। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं। उन्होंने घायलों के शीघ्र ठीक होने की कामना करते हुए कहा कि स्थानीय प्रशासन प्रभावित लोगों की हरसंभव मदद कर रहा है।

## NEWS IN BRIEF

### बैंक की शिकायत पर कारोबारी के ठिकानों पर सीबीआई के छापे

ऊना। भारतीय स्टेट बैंक एसएमई मैहतपुर शाखा से 3.73 करोड़ रुपए के एनपीए अकाउंट मामले में बैंक की शिकायत पर सीबीआई ने बुधवार को ऊना में एक कारोबारी के परिसरों पर दबिश दी। भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के रीजनल बिजनस ऑफिस ऊना के क्षेत्रीय प्रबंधक राजेश कुमार कौंडल की शिकायत पर सीबीआई ने मैसर्ज तनिष्का एग्रो वेंचर प्राईवेट लिमिटेड व इसके दो निदेशकों व दो ग्रांटरों के अलावा अज्ञात पब्लिक सर्वेंट के विरुद्ध भादस की धारा 120-बी, 420, 467, 468, 471 व भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की धारा 13-2 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। सीबीआई की तीन अलग-अलग टीमों ने ऊना के रक्कड़ कालोनी, झलेड़ा व टाहलीवाल में दबिश दी व मामले से संबंधित दस्तावेजों को कब्जे में लिया। एसीबी शिमला थाने में दर्ज एफआईआर के अनुसार उक्त उद्योग प्रबंधन ने खाद्य तेल निर्माण के नाम पर उद्योग स्थापित करने के लिए बैंक से 150 लाख रुपए की सीसी लिमिट, 200 लाख का टर्म लोन प्राप्त किया। वहीं उद्योग प्रबंधन ने दो कारों के लिए 11.70 लाख व 11.30 लाख रुपए के ऋण लिए।

इसी बीच उक्त राशि का प्रयोग संबंधित उद्योग के संचालन के लिए ना करके ऋण राशि को अन्य ऑटोमोबाईल कंपनियों में लगा दिया। बैंक अधिकारी ने अपनी शिकायत में लिखा कि उक्त उद्योग के निदेशकों ने ना तो संबंधित उद्योग के लिए मशीनरी खरीदी और ना ही कोई स्टॉक उत्पादन के लिए लिया गया। वहीं जिस गाड़ी के लिए लोन स्वीकृत हुआ उसके स्थान पर अन्य मॉडल की गाड़ी ली गई, जबकि दूसरी कार के नाम पर लोन राशि ले ली गई

## ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी मामले में वादी पक्ष ने कोर्ट में दाखिल की नई अर्जी

बीएनएम@वाराणसी

वाराणसी। ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी प्रकरण में वादी पक्ष ने बुधवार को एक नया प्रार्थना पत्र अदालत में दाखिल किया। सिविल जज (सीनियर डिवीजन) रवि कुमार दिवाकर की अदालत में दाखिल अर्जी में वादी पक्ष ने कहा कि हटाए गए एडवोकेट कमिश्नर अजय कुमार मिश्र ने अकेले ज्ञानवापी मस्ज़िद में 6 एवं 7 मई को कमीशन की कार्यवाही की थी। ऐसे में उन्हें सर्वे की रिपोर्ट दाख़िल करने की अनुमति दी जाए। वादी पक्ष ने प्रार्थना पत्र के जरिए 6 एवं 7 मई की रिपोर्ट में अजय कुमार मिश्र को सहयोग के लिए आदेशित करने की मांग की है। अदालत ने अर्जी को देखने के बाद इसपर आपत्तियां मांगी है। अदालत ने मंगलवार को कमीशन की कार्रवाई से एडवोकेट कमिश्नर अजय कुमार मिश्र को हटा दिया था। इसके बाद स्पेशल एडवोकेट कमिश्नर विशाल सिंह को रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया था।

## कैबिनेट ने विशेष मामलों में जैव ईंधन के निर्यात की दी अनुमति

बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को जैव ईंधन से जुड़ी 2018 की राष्ट्रीय नीति में संशोधन को मंजूरी दी है। इसमें विशेष मामलों में जैव ईंधन के निर्यात, एनबीसीसी में नए सदस्यों को जोड़ने और पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल के मिश्रण लक्ष्य को 5 साल पहले ही प्राप्त करने से जुड़े संशोधन हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को जैव ईंधन पर राष्ट्रीय नीति-2018 में संशोधन को मंजूरी दी। सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार जैव ईंधन पर राष्ट्रीय नीति में स्वीकृत मुख्य संशोधनों में जैव-ईंधन के उत्पादन के लिये अधिक फीडस्टॉक्स को मंजूरी देना। पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल के मिश्रण (20 प्रतिशत इथेनॉल, 80 प्रतिशत पेट्रोल) से जुड़े लक्ष्य को 2025-26 में ही प्राप्त करना। मेक इन इंडिया कार्यक्रम के तहत विशेष आर्थिक जोन और निर्यात से ज़ुड़ी इकाइयों में में जैव-ईंधन के उत्पादन को प्रोत्साहन देना। एनबीसीसी में नये सदस्यों को जोड़ना। विशेष मामलों में जैव-ईंधन के निर्यात की अनुमति देना शामिल है। इसके अलावा राष्ट्रीय जैव-ईंधन समन्वय समिति की बैठकों के दौरान तय निर्णयों के अनुपालन से जुड़े विषयों में नीति में बदलाव करना शामिल है। इस प्रस्ताव ने स्वदेशी प्रौद्योगिकियों के विकास के लिये आकर्षण और समर्थन बढ़ेगा, जिससे मेक इन इंडिया अभियान का मार्ग प्रशस्त होगा और अधिक रोजगार पैदा होंगे।

## प्रधानमंत्री मोदी ने कंबोडियाई समकक्ष के साथ की वर्चुअल वार्ता

बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कंबोडिया के प्रधानमंत्री समदेच अक्का मोह सेना पडेई टेको हुन सेन के साथ वर्चुअल वार्ता की। दोनों नेताओं ने व्यापार और निवेश, मानव संसाधन विकास, रक्षा और सुरक्षा, विकास सहयोग, संपर्क, महामारी के बाद आर्थिक सुधार और लोगों से लोगों के संबंधों के क्षेत्र में सहयोग सहित द्विपक्षीय मुद्दों की पूरी श्रृंखला पर चर्चा की। उन्होंने द्विपक्षीय सहयोग की गति पर संतोष व्यक्त किया। कंबोडिया प्रधानमंत्री हुन सेन ने इस बात पर जोर दिया कि कंबोडिया भारत के साथ अपने संबंधों को कितना महत्व देता है। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की एक्ट ईस्ट नीति में कंबोडिया की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। दोनों नेताओं ने मेकांग-गंगा सहयोग ढांचे के तहत क्षमता निर्माण कार्यक्रमों और त्वरित प्रभाव परियोजनाओं सहित दोनों देशों के बीच मजबूत विकास साझेदारी की समीक्षा की।



## दिल्ली: उपराज्यपाल अनिल बैजल ने इस्तीफा दिया



बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) अनिल बैजल ने राष्ट्रपति को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। जानकारी के मुताबिक उन्होंने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए इस्तीफा दिया है। नजीब जंग के बाद वह दिल्ली के एलजी बने थे। उन्हें 31 दिसंबर 2016 में उपराज्यपाल नियुक्त किया गया था। अपने पांच साल और करीब चार महीने के कार्यकाल में अनिल बैजल और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सीधे टक्कर होती रही। लेकिन बैजल कभी भी केजरीवाल सरकार के आगे झुके नहीं। यहां तक की केजरीवाल सहित उनके मंत्रियों ने कई दिनों तक राजनिवास के अंदर घुसकर धरना तक दे दिया था। केजरीवाल सरकार के कई कानूनों को बैजल ने एक ही झटके में बिना किसी लाग लपेट पारित करने से मना कर दिया, जिसको लेकर भी बैजल अकसर सुर्खियों में रहे। उन्होंने दिल्ली सरकार की एक हजार बसों की खरीद की प्रक्रिया की जांच को लेकर तीन सदस्यीय एक कमेटी भी बनाई थी। भाजपा इस मामले को लेकर लगातार सीबीआई जांच की मांग कर रही थी। उपराज्यपाल अनिल बैजल के कार्यकाल में दिल्ली सरकार के बीच कई बार मामलों को लेकर मतभेद देखने को मिले, जिसमें राशन की होम डिलीवरी और सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने मामले शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि उनका पांच साल कार्यकाल 31 दिसंबर 2021 को पूरा हो गया था। हालांकि दिल्ली के उप राज्यपाल का कार्यकाल निश्चित नहीं होता है। अनिल बैजल ने कई मंत्रालयों में महत्वपूर्ण पद संभाले। वह दिल्ली विकास प्राधिकरण के उपसचिव के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। साल 2006 में वह शहरी विकास मंत्रालय के सचिव पद से सेवानिवृत्त हुए थे। इसके बाद जवाहरलाल नेहरु नेशनल अर्बन रिन्यूअल मिशन से जुड़े रहे। 30 दिसंबर 2021 को बैजल का कार्यकाल पूरा हो गया था लेकिन उन्हें सेवा में विस्तार दिया गया था। वह पांच साल तक दिल्ली के एलजी रहे। अनिल बैजल 1969 बैच के आईएएस ऑफिसर रहे हैं। वह दिल्ली के 21वें उपराज्यपाल बनाए गए थे। अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में वह केंद्रीय गृह सचिव के रूप में काम कर चुके हैं।

# BNM Fantasy



## पीसी ने शेयर की चेहरे पर चोट के निशान

बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा यानी पीसी इन दिनों एक के बाद एक हॉलीवुड फिल्मों और वेबसीरीज की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस कड़ी में प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपनी अपकमिंग वेबसीरीज़ सिटाडेल की शूटिंग में व्यस्त हैं। पीसी ने वेबसीरीज के सेट से एक फोटो शेयर की थी, जिसमें वह लाल रंग की ड्रेस में काफी सेक्सी दिखाई दे रही थीं। इस तस्वीर पर उनके फैंस ने जमकर प्यार लुटाया था। अब एक्ट्रेस ने फिर से अपने इंस्टाग्राम पर एक सेल्फी शेयर की है, जिसे देखकर उनके चाहने वालों की चिंता बढ़ गई। फैंस की परेशानी को देखकर पीसी ने उन्हें राहत पहुंचाते हुए तुरंत इस तस्वीर के पीछे के सच का खुलासा भी कर दिया।

क

*कान्स 2022 : सब्यसाची की साड़ी में दीपिका ने रेड कार्पेट पर लगाई आग*

इन दिनों कान्स फिल्म फेस्टिवल की धूम है, जहां दुनिया भर के सितारों के साथ भारतीय स्टार्स भी अपनी जगमगाहट बिखेर रहे हैं। इन स्टार्स में दीपिका पादुकोण भी शामिल हैं, जो अपनी ड्रेस सेंस को लेकर काफी सुर्खियां बटोर रही हैं। दीपिका इस साल कान्स की आठ सदस्यीय जूरी का हिस्सा भी हैं। सोमवार को अभिनेत्री ने सब्यसाची की डिजाइन की हुई साड़ी पहनकर रेड कार्पेट पर वॉक किया तो देखने वालों की नजरें उन पर से हट ही नहीं रहीं थी। रेट्रो स्टाइल की साड़ी में दीपिका बेहद खूबसूरत लग रही थीं। दीपिका ने इंस्टाग्राम पर अपना लुक शेयर किया है, जिसे उनके फैंस भरपूर प्यार दे रहे हैं। रेड कार्पेट पर वॉक करने के बाद दीपिका ने मीडिया से बातचीत में कहा, "यह सम्मान की बात है, जब हमें अवसर दिया जाता है, तो हमें इसे बहुत विनम्रता और ग्रैटिट्यूड के साथ लेना चाहिए।" उल्लेखनीय है कि कान्स फिल्म फेस्टिवल 17 मई से 28 मई तक चलेगा। इस फेस्टिवल में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के नेतृत्व में भारत से दीपिका पादुकोण, तमन्ना भाटिया, ऐश्वर्या राय बच्चन, नवाजुद्दीन सिद्दिकी, उर्वशी रौतेला, आर माधवन, शेखर कपूर और एआर रहमान जैसे कलाकार हिस्सा ले रहे हैं। इस साल पहली बार भारत को 'कंट्री ऑफ ऑनर' का सम्मान दिया जा रहा है।



## माधुरी की सुपर-डुपर हिट तेजाब का बनेगा रीमेक

*करना होगा थोड़ा इंतजार*



साल 1988 में अनिल कपूर और माधुरी दीक्षित की सुपर-डुपर फिल्म तेजाब आज भी लोगों के बीच बेहद लोकप्रिय है। इसके गानों को लोग आज भी उसी तरह से सुनते हैं, जैसे उस समय इन्हें सुना जाता था। जिस समय यह फिल्म रिलीज हुई थी तो इसने कामयाबी के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। उस समय की न्यूकमर एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित ने इस फिल्म में धमाल मचा दिया था। इस फिल्म के बाद ना सिर्फ माधुरी और अनिल कपूर की जोड़ी सुपरहिट हुई, बल्कि माधुरी के करियर को भी एक नई बुलंदी मिली। इससे पहले माना जा रहा था कि वह बॉलीवुड में सिर्फ अपने डांस की वजह से ही चल रही थीं। तेजाब को लेकर एक दिलचस्प जानकारी सामने आई है। सूत्रों की मानें तो जल्द ही इस फिल्म के रीमेक की तैयारी की जा रही है। एक अंग्रेजी अखबार को दिए गए इंटरव्यू में फिल्म प्रोड्यूसर मुराद खेतानी ने बताया है कि उन्होंने एन चंद्रा की इस सुपरहिट फिल्म तेजाब के सभी राइट्स ले लिए हैं। एन चंद्रा ने इस फिल्म के रीमेक पर आपत्ति जताई है। चंद्रा ने कहा कि तेजाब जैसी आइकॉनिक फिल्म के साथ छेड़छाड़ नहीं की जानी चाहिए। एन चंद्रा का कहना है कि कि उन्हें नहीं लगता है कि तेजाब का रीमेक बनाना चाहिए। क्लासिक फिल्मों को टच करने की जरूरत नहीं है। उस फिल्म की कहानी उस दौर की थी। वह एक दौर था और एक दौर का रीमेक नहीं हो सकता। हालांकि चंद्रा की असहमति पर मुराद खेतानी का कोई बयान अभी तक नहीं आया है। इसलिए फिल्म की कहानी, स्टार कास्ट वगैरह को लेकर अभी इंतजार करना ही बेहतर होगा।